# 'फॉयसागर के पानी रिसाव को रोकने के इंतजाम नाकाफी, खतरा बरकरार'

## पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ ने किया फॉयसागर पानी रिसाव और जल भराव इलाके का दौरा

■ **अजमेर शहर में जगह जगह जल भराव से बाढ़ के हालात पैदा होने की आशंका जाहिर कर स्मार्ट सिटी के कार्य को सवालों के घेरे में खड़ा किया**

**अजमेर,** (कासं)। आरटीडीसी के पुर्व अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने अजमेर शहर में जल भराव इलाके और फॉय सागर का दौरा किया और हालातो का जायजा लिया। राठौड़ ने फायसागर पाल पर ग्रामीणों और एनडीआरफ व एसडीआरएफ के जवानों से बातचीत की और ग्रामीणों को सरकार व प्रशासन को वस्तु स्थिति से अवगत कराकर राहत के कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसी के साथ अजमेर की मोती विहार कॉलोनी में भी जल भराव से परेशान लोगों और पार्षद ज्ञान सारस्वत से बात चीत की। साथ ही बाड़ी नदी का भी दौरा कर जानकारी हासिल की।

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने बताया कि फायसागर से पानी रिसाव से आसपास के इलाको में खतरा होने की जानकारी मिली, जिस पर मौके पर पहुंच कर जायजा लिया है, ताकि समय रहते हालात पर काबू पाया जा सके और राहत के कदम उठ सके। पानी रिसाव को रोकने के लिए प्रशासन ने जो इंतजाम किए है, वो नाकाफी है और मैं इन इंतजाम से कतई संतुष्ट नहीं हूं। इस संबध में मैने जिला कलेक्टर लोक बंधु से भी बातचीत की है और उनसे चर्चा कर मौके के हालातों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पाल से पानी रिसाव को रोकने के लिए सरकार और स्थानीय जिला प्रशासन ठोस कदम उठाए, ताकि खतरा होने की नौबत ही नही आए। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित अजमेर के जन प्रतिनिधियों को पानी रिसाव को गंभीर लेना चाहिए, ताकि अजमेर के लोगों को कोई बड़े खतरे का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अजमेर शहर में जगह जगह जल भराव से बाढ़ के हालात पैदा होने की आशंका जाहिर कर स्मार्ट सिटी के कार्य को सवालों के घेरे में खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि अजमेर शहर में जल भराव और बाढ़ जैसे हालात पैदा होने के लिये स्मार्ट सिटी के कार्यों की जांच होनी चाहिए। अजमेर स्मार्ट सिटी के नाम पर करोड़ों रुपए बर्बाद कर दिए गए, लेकिन शहर में विकास दिखाई नहीं दे रहा है, जिस तरह बारिश से अजमेर में जल भराव से विकट हालात बने हुए है और शहरवासी परेशान है बारिश से स्मार्ट सिटी के कार्यों की पोल खुल गई, इस पर स्थानीय प्रशासन और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के किए कार्यों पर सवाल उठना लाजिमी है।

## हर्जाना राशि परिवादी को दिलाने का आदेश

**भीलवाडा,** (निसं)। न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग भीलवाडा के अध्यक्ष हरिनारायण सारस्वत व सदस्य राजेन्द्र जैन ने जगदीश चन्द्र लखारा ने परिवादी अधिवक्ता गणेश लाल शर्मा, संजय चतुर्वेदी, आशुतोष शर्मा के जरिये प्रस्तुत परिवाद की सुनवाई करते हुए विपक्षी मैनेजर फ्यूचर रिन्यूवल्स बैंग्लोर के विरूद्ध परिवाद कर सुनवाई करते हुये विपक्षी को यह आदेश दिया जाता है "कि विपक्षी परिवादी से सी.पी.यू. की क्रय राशि 18,424/- रूपये, मानसिक संताप की क्षितपूर्ति राशि 5,000/- रूपये तथा अधिवक्ता शुल्क एवं परिवाद व्यय की राशि 5,000/- रूपये, कुल राशि 28,424/- रूपये परिवादी को अदा करें।

विपक्षी मैनेजर फ्यूचर रिन्यूवल्स बैंग्लोर ने मुझे खराब सी.पी.यू. दिया जिससे मैं फोटो व अन्य कम्प्यूटर कार्य नहीं कर सका और मुझे काफी नुकसान उठाना पड़ा और विपक्षी को शिकायत करने के बाद भी मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई इसलिये परिवादी ने अधिवक्ता गणेश लाल शर्मा, संजय चतुर्वेदी, आशुतोष शर्मा के जरिये परिवाद पेश किया गया था जिस पर आयोग ने विपक्षी की विरूद्ध सी.पी.यू. की क्रय राशि व हर्जाना राशि दिलाने का आदेश दिया।

# अंतरराष्ट्रीय चोर गिरोह का खुलासा, एक गिरफ्तार

**मसूदा,** (निसं.)। मसूदा उपखंड़ के ग्राम किराप के पास दम्पति से लूटपाट करने वालेके मामले मे एक माह में पुलिस ने प्रयास कर अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के एक आरोपी को पकड़ा एवं दो आरोपियो की तलाश मे जुटी पुलिस। मसूदा सी ओ सज्जन सिंह ने रविवार को प्रेस कांफ्रेस मे बताया कि गत माह को किराप निवासी महेन्द्र गुर्जर उसकी पत्नी के साथ मोटर साइकिल से बाघसुरी से किराप आ रहा था। इस दौरान किराप के पास एक वैगनार में सवार तीन आरोपियो ने पिस्तौल दिखाकर दम्पति से लूटपाट कर नकदी एवं जेवर व मोबाइल चुराकर ले गए थे। जिसको लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जिसमे कई स्थानो एवं टोल पर सीसी टीवी कैमरे खंगालने पर गाडी की जानकारी मिल सकी। उसी के आधार पर आरोपियो के बताए गए हुलिए के आधार पर पुलिस ने खासी मशक्कत करके निकेश पुत्र व रामनिवास निवासी नागल थाना छतरोली उत्तरप्रदेश को प्राडेक्शन वारंट पर गाजियाबाद से गिरफ्तार किया। साथ ही इस लूट मे शामिल दो अन्य आरोपी आर्यन व सोनू उर्फ अभय की तलाश की जा रही है। जिनके भी जल्दी गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

**वैगनार भी लूट कर लाए थे:-** मसूदा के ग्राम किराप के पास लूट में काम मे ली गई वैगनार को भी उक्त आरोपी लूटकर लेकर आए थे। जिसको लेकर गाडी के मालिक ने अंकुर विहार थाना गाजियाबाद मे पुलिस मामला दर्ज करवाया था। जिस मामले में आरोपी निकेश न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा था। जिससे इस अंतराज्यीय चोर गिरोह का खुलासा हुआ।

**तीन राज्य की पुलिस ने किया सहयोग :-** मसूदा के ग्राम किराप में लूटपाट को अंजाम देने के आरोपियो को गिरफ्तार करने को लेकर मसूदा पुलिस का दिल्ली एवं उतरप्रदेश पुलिस ने सहयोग किया। जिससे एक आरोपी तक मसूदा पुलिस पहुंची एवं उसे गिरफ्तार किया।

मसूदा के ग्राम किराप के पास पुलिस की गिरफ्त मे आए अंतराज्यीय गिरोह के सदस्य निकेश को रविवार को न्यायालय मे पेश किया गया। जहां पुलिस ने आरोपी की रिमांड पर दिए जाने की अपील की। जिस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी की मसूदा पुलिस को सौंपा। मसूदा पुलिस ने अंतराज्यीय चोर गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार करने की टीम मे मसूदा थानाधिकारी गणपतराम, ए एस आई पांचू लाल गुर्जर, हैड कांसेटेबल जसराज, बीरबल, सिपाही सूरज, विक्रम गुर्जर, दिनेश, अशोक कुमार एवं विजय सिह शामिल थे।

## सार-समाचार

### उत्तम क्षमा धर्म मनाया

**अजमेर,** (कासं)। जैन समाज के सबसे बड़े पूर्यषण पर्व रविवार से शुरू हुए। समाज के लोगों ने जैन मंदिरों में उत्तम क्षमा धर्म पर्व मनाया। अखिल भारतवर्षीय श्री दिगम्बर जैन महासभा अजमेर संभाग के संयोजक संजय कुमार जैन व संभाग प्रवक्ता कमल गंगवाल ने बताया कि रविवार को जैन समुदाय द्वारा जैन धर्म के भादवा मास के दसलक्षण धर्म पर्यूषण पर्व उत्तम क्षमा धर्म के साथ त्याग तपस्या, पूजा पाठ व भक्ति के साथ प्रारंभ हुआ। जैन समाज का सबसे बडा महापर्व है जिसके अन्तर्गत प्रातः बेला में सभी जिन मन्दिरजी, नसियांजी, चैत्यालयों, कालोनियों के मन्दिरजी में नित्य नियम अभिषेक, वृहदषान्तिधारा तथा दसलक्षण धर्म पर महामंडल विधान का आयोजन होता है जो पूरे दस दिन तक चलता है। गंगवाल व जैन ने बताया कि सोमवार को उत्तम मार्दव धर्म पर सभी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 17 सितम्बर को अनन्त चर्तुदर्शी पर्व मनाया जाएगा, सभी धर्मावलम्बी विशेष रूप से उपवास, व्रत व भक्ति कार्यक्रम आयोजित होंगे। नसियांजी में कलशाभिषेक भव्यता के साथ संपन्न होगा।

### तेजा मेला जल वाटिका

**ब्यावर,** (निसं) 25 अगस्त को संस्था के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न मीटिंग में दिए गए निर्णय के अनुसार इस वर्ष भी ब्यावर के प्रसिद्ध और ऐतिहासिक वीर तेजाजी महाराज जी के मेले के अवसर पर संस्था द्वारा समाज सेवा कार्यक्रम के तहत मेलार्थियों को शीतल एवं सुगंधित जल उपलब्ध कराने हेतु 12 से 14 सितंबर तक त्रीदिवसीय आजाद बालचर वाटिका लगाई जायेगी। इस वाटिका का उद्घाटन गुरुवार को प्रातः 10:30 बजे सुभाष उद्यान तेजाजी के थान के पास सुभाष उद्यान के मुख्य द्वार के समीप पूर्व निर्धारित स्थान पर किया जाएगा। जल वाटिका के सफल संचालन हेतु राकेश झांकल को प्रोजेक्ट डायरेक्टर के पद पर नियुक्त कर कैलाश मूंदड़ा, रमेश पलडिया, रतन, कैलाश वर्मा, ताराचंद वैष्णव, श्याम सुंदर सोमानी, युगल किशोर गहलोत, नोरतमल श्रीश्रीमाल, पारस श्रीमाली इत्यादि की कमेटी का गठन किया गया है।

### विद्यालयों में आज अवकाश घोषित

**अजमेर,** (कासं)। अत्यधिक बाढ़ एवं बारिश की सम्भावना को देखते हुए अजमेर जिले के विद्यालयों में 9 सितंबर को अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलेक्टर लोक बंधु ने बताया कि मौसम विभाग एवं अन्य अभिकरणों द्वारा अजमेर जिले के लिए अत्यधिक बारिश एवं बाढ़ की सम्भावना का अलर्ट जारी किया गया है। विद्यार्थियों को सम्भावित अनहोनी घटना से बचाने एवं व्यापक विद्यार्थी हित और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले के समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के कक्षा प्रथम से 12वीं तक के समस्त विद्यार्थियों के लिए सोमवार 9 सितम्बर को पूरी तरह से अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू होगा। विद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ द्वारा यथावत कार्य किया जाएगा।

### शिक्षिका को किया सम्मानित

**भीलवाड़ा,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय संगठन लायंस क्लब भीलवाड़ा भास्कर की ओर से स्थानीय नोबेल अंतरराष्ट्रीय स्कूल भीलवाड़ा की शिक्षिका रजिया कायमखानी को उनकी उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय सेवाओं के साथ राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। लायंस क्लब द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में क्लब की ओर से श्रीमती कायमखानी को प्रशस्ति पत्र के साथ 5100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया, रजिया को मिले सम्मान पर कायमखानी समाज के प्रतिनिधियों सहित उनके परिजनों एवं विद्यालय स्टाफ के सदस्यों ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

### समारोह आगामी तिथि तक स्थागति

**अजमेर,** (कासं)। आप हम व सपना संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले 20वें अजयमेरू बाल एकांकी नाट्य समारोह को आगामी तिथी तक स्थगित कर दिया गया है। संस्था सचिव सीमा भार्गव ने बताया कि जिला कलेक्टर द्वारा 9 सितम्बर को अवकाश घोषित किए जाने व शहर में कई स्थानों पर जलभराव होने के कारण बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समारोह आगामी तिथि तक स्थगित कर दिया गया है। समारोह की आगामी तिथी शहर की व्यवस्था सही होने पर घोषित की जाएगी।

### प्राचार्य सामरिया ने दिखाई मानवता

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर संभाग के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल सामरिया रविवार को जब रेम्बल रोड से गुजर रहे थे, इसी दरम्यान रेम्बल रोड पर स्कूटी पर सवार एक बुजुर्ग व्यक्ति स्कूटी सहित रोड पर गिर गया, जिसके कारण वह जख्मी हो गया, जिसे मेडिकल कॉलेज प्राचार्य सामरिया ने उठाया और उन्हे बैठाकर बुजुर्ग व्यक्ति के परिजन को फोन किया और उनके आने के बाद बुजुर्ग व्यक्ति को जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया।

### कलक्टर लोक बंधु ने संभाला कार्यभार

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के नवनियुक्त जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट लोक बंधु ने शनिवार देर शाम जिला कलेक्टर अजमेर का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना और बजट घोषणाओं को पूरा करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। इसके साथ ही अजमेर में जल भराव की समस्या का समाधान भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### मनीष बने युवाध्यक्ष

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। आदि गौड़ विप्र समाज अध्यक्ष मनीष कौशिक ने समाज के युवा मोर्चा अध्यक्ष पद पर मनीष शर्मा को मनोनीत किया है। मनीष के अध्यक्ष बनने के बाद समाज महामंत्री सूर्यप्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष राजीव शर्मा, रामचन्द्र हरितवाल, ऋषि गौड़, रामकिशोर भारद्वाज, मुकेश शर्मा, मोहित शर्मा सहित अन्य समाजबंधुओ हर्ष व्यक्त कर बधाई दी।

# जैन दस लक्षण महापर्व पर अभिषेक शांतिधारा

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। महावीर दिगंबर जैन मंदिर हाउसिंग बोर्ड में महावीर स्वामी के अभिषेक एव शान्तिधारा करने का सौभाग्य महेंद्र कुमार, अजय कुमार रजत गंगवाल परिवार व अजीत अभिनंदन, अक्षय, मेहुल दोसी परिवार को प्राप्त हुआ। पांडू शीला पर अभिषेक एव शांति धारा करने का सौभाग्य अभिषेक युवी जैन पाटनी परिवार, प्रकाश सीमा काला परिवार, राकेश रोहित मोहित बोहरा परिवार, योगेश अजीत जयेश गदिया परिवार, विजय कुमार रोनक जैन परिवार, कमल पलाश जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

इसके पश्चात दस लक्षण धर्म की पूजा, उत्तम क्षमा की पूजा अर्चना की। पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी ने कहा कि सर्वप्रथम उत्तम क्षमा धर्म से दसलक्षण पर्व की शुरुआत होती है। मुनिसुव्रतनाथ मंदिर में पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा दिवस पर प्रातः श्रीजी के पंचामृत अभिषेक शांतिधारा व महाआरती की गई। महाआरती करने का सौभाग्य जयकुमार, सुनील कुमार आशीष सेठी परिवार कुचील वाले को प्राप्त हुआ। प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बताया कि वीर संगीत मंडल की सुमधुर लहरियो पर संगीतमय मूलनायक मुनिसुव्रतनाथ भगवान, महावीर भगवान पार्श्वनाथ भगवान आचार्य वर्धमान सागर, पद्मावती माता एवं क्षेत्रपाल बाबा की संगीतमय आरती की गई। मंत्री सुभाष बडजात्या, दिलीप कासलीवाल, राजेश पांडया, चेतन पांड्या, सुभाष वेद, सुरेंद्र दगड़ा, विमल पापलिया, पवन दोषी, प्रकाश गोधा, अनिल पाटनी, पदम गंगवाल, राजकुमार वेद, प्रकाश कासलीवाल, मुकेश पांडया, प्रदीप बाकलीवाल सहित सैकड़ों समाजबंधु उपस्थित थे।

## पायलट का जन्म दिवस मनाया

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष विजय जैन व पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के जन्मदिवस को गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया। जैन तीर्थ जैन मंदिर में नारेली में गौमाता को गुड़ व चारा खिलाकर सेवा की। इस दौरान कांग्रेस नेता महेन्द्र सिंह रलावता, कमल बाकोलिया, शिवप्रकाश गुर्जर, कमल गंगवाल, पूर्व विधायक नसीम अख़्तर, नाथूराम सिनोदिया, पूर्व उप प्रधान श्रवण गुर्जर, सौरभ बजाड़, सरपंच रूपनगढ़, इकबाल छीपा, प्रताप यादव, विकास अग्रवाल, सुनील लारा, विरेंद्र जैन टोनी, राहुल सिनोदिया, भगवान सिंह चौहान, फरहान खान, पार्षद नरेश सत्यावना, कैलाश कोमल, राकेश चौहान, पवन औड, शिव कुमार बंसल, जयराम गुर्जर, आरिफ हुसैन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'आनासागर झील के साथ छेडछाड करने वालो के खिलाफ हो कार्यवाही'

**अजमेर,** (कासं)। शहर जिला कांग्रेस ने अजमेर में हुए जल भराव के लिए भाजपा के तत्कालीन नगर निगम बोर्ड को जिम्मेदार ठहराते हुए आनासागर के इर्द-गिर्द स्मार्ट सिटी के पैसे से बनाए गए पाथवे के कारण आनासागर की भराव क्षमता कम होने के लिए जिम्मेदार तत्कालीन अधिकारी एवं भाजपा नेताओं के विरुद्ध उच्च स्तरीय जांच होकर कार्रवाई की मांग की है। शहर के हाल बदल के लिए भाजपा सरकार के विभिन्न बोर्ड की नीतियां जिम्मेदार हैं।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने एनजीटी के 6 अगस्त 2023 के आदेश को अक्षरक्ष लागू करने की मांग करते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति स्वतंत्र कुमार को पत्र लिखा है। शहर कांग्रेस प्रवक्ता मुजफ्फर भारती ने अध्यक्ष विजय जैन के हवाले से जारी बयान में बताया कि कांग्रेस ने एनजीटी के अध्यक्ष मांग की है कि स्मार्ट सिटी के पैसे से आनासागर के चारों और पाथवे निर्माण किया गया है, जिससे आनासागर की भराव क्षमता काम हो गई है यही कारण है कि बारिश के बाद आनासागर के आसपास की कालोनियां जल मग्न हो गई है और पानी निकालने का कोई रास्ता नहीं है लोग घर में कैद होकर रह गए हैं सब होने का कारण केवल और केवल आना सागर की भाव क्षमता को कम कर देना है

कायदे से पाथवे का निर्माण आनासागर के भराव क्षेत्र के बाद किया जाना चाहिए था, स्मार्ट सिटी योजना के तहत पाथवे का निर्माण आना सागर के अंदर कर दिया गया है जो तकनीकी रूप से बिल्कुल गलत और अधिकारियों की मनमानी और दूर अंदेशी का अभाव है कि आज क्षेत्र में पानी भरा है, उससे ज्यादा क्षेत्र में पाथवे बन गया। पाथवे बनने से आना सागर एक तालाब में तब्दील हो गया है इस कारण आसपास की कालोनियां जल मग्न हो गई हैं और आनासागर का आकार छोटा हो जाने के कारण ओवरफ्लो के गेट जल्दी खोलने पड़े हैं जिससे दक्षिण क्षेत्र की निचली बस्तियों में भयंकर पानी भर गया है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि क्षेत्र में बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए हैं। आनासागर झील क्षेत्र में ही तत्कालीन यूआईटी ने सागर विहार कॉलोनी आवासीय कॉलोनी बसाई और हाउसिंग बोर्ड ने यहां पर मकान बनाकर रिहायशी क्षेत्र बनाया इस रिहायशी क्षेत्र को बसाने के लिए प्लान भी बनाई थी जो आज भी मौजूद है इसके बाद झील की भराव क्षमता 13 फीट कर दी गई।

# 25वीं विशाल पदयात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य संग्राम सिंह गुर्जर का मोटरास गांव में हुआ भव्य स्वागत

■ **पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सचिन पायलट का जन्मदिन मनाया**

**आसींद,** (निसं.)। हुरडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मोटरास गांव में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य समाजसेवी संग्राम सिंह गुर्जर के नेतृत्व में 25वीं विशाल पदयात्रा का स्वागत समाजसेवी प्रवीण सिखवाल के सानिध्य में विशाल पदयात्रा का स्वागत अभिनंदन किया गया तथा 51 किलो की माला पहनाकर तथा किसान का प्रतीक हल एवं चांदी की गणेश जी की प्रतिमा भेंटकर, स्वागत सत्कार किया गया तथा राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सचिन पायलट का जन्मदिन देव भक्तों की मौजूदगी में केक काटकर मनाया गया सैकड़ो की तादाद में कार्यक्रम के दौरान जनमानस का सैलाब उमड पड़ा।

कार्यक्रम का मंच संचालन संग्रामगढ सरपंच अशोक साहू ने किया वही भव्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए पीसीसी मेंबर संग्राम सिंह गुर्जर ने प्रवीण सिखवाल की पुरी टीम का आभार व्यक्त किया वंही कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य संग्राम सिंह गुर्जर, समाजसेवी प्रवीण सिखवाल, देवसेना जिला अध्यक्ष भीलवाड़ा लादू लाल गुर्जर, फलामदा पूर्व सरपंच पंकज शर्मा, पंचायत समिति सदस्य सांवर गुर्जर, गोवर्धन शर्मा, अमरचंद मेवाड़ा विजयनगर नगर पालिका पार्षद अजीत यादव अमित जोशी बडली, पूर्व सरपंच जय बहादुर सिंह, बड़ी सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर माली, जालीया द्वितीय पंचायत समिति सदस्य मुकेश शर्मा, विनोद साहू, बाड़ी उपसरपंच उदल गुर्जर, भारत जोशी पूर्व सरपंच धर्मेंद्र राणा हीरालाल मेघवंशी हेमराज गुर्जर पार्षद उस्मान पठान, शहजाद मोहम्मद मंसुरी, मोटरास उपसरपंच राहुल शर्मा, लक्की शर्मा, राजु शर्मा, बीसी बारणी, मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**मसूदा,** (निसं.)। मसूदा के निकट झूठों का बाड़िया में मोटरसाइकिल से दो युवक घायल हो गए। घायलों का मसूदा चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार नुन्द्री निवासी दुष्यंत पुत्र अशोक व राहुल पुत्र सलीम मोटरसाइकिल से जामोला जा रहे थे कि अचानक सामने पशु आ जाने से मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया व दोनो घायल अवस्था में सड़क किनारे गिर गए। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी सूचना पर 108 चालक राजेन्द्र व कम्पाउंडर भागचंद ने दोनों घायलों को मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया जहा पर दोनों घायलों का डॉक्टर द्वारा उपचार किया गया।

चिकित्सालय में बिजली बंद, मोबाइल की रौशनी से उपचार मसूदा चिकित्सालय में बिजली नहीं आने के कारण घायलों का मोबाइल की रौशनी से घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया जबकि यह चिकित्सालय उप जिला चिकित्सालय घोषित किया गया है।

# शातिर युवकों ने ड्राइवर को झांसा देकर कार से उड़ाया बैग

■ **बैग में 21 हजार रुपये नकद व कागजात थे**

■ **पीड़ित महिला ने कोतवाली थाना में कराया मुकदमा दर्ज**

**अजमेर,** (कासं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में दो शातिर युवकों ने कार ड्राइवर को झांसा देकर कार में रखा बैग लेकर फरार हो गए। बैग में 21 हजार नकद सहित जरूरी कागजात रखे थे। पीडित् महिला अपने ड्राइवर के साथ बाजार सामान खरीदारी करने आई थी, इसी बीच वारदात अंजाम दी गई। पीडित् महिला ने कोतवाली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाने के एएसआई मनीराम ने बताया कि वैशाली नगर निवासी उर्मिला शर्मा ने लिखित शिकायत देते हुए दो शातिर युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीडिता शर्मा ने बताया कि वे कार से अपने ड्राइवर भवानीसिंह के साथ दोपहर करीब दो बजे कचहरी रोड स्थित नारी आन्दोलन साड़ी की दुकान पर खरीदारी करने के लिए आई। उर्मिला शर्मा दुकान में चली गई और इस दौरान ड्राइवर के पास दो लडके आए और कहा कि मेडम के 120 रुपए गिर गए है।

इसके बाद ड्राइवर उर्मिला के पास गया तो उर्मिला ने अपने पैसे होने से इनकार कर दिया। जब ड्राइवर वापस कार के पास आया तो पता चला कि दोनों लडके बैग लेकर फरार हो गए। बैग में एक चेक बुक व 21 हजार नकदी सहित अन्य कागजात रखे हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेट खंगालना शुरू कर युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

## खारी नदी के जल प्रवाह को देखने उमड़ा जन सैलाब

**बिजयनगर,** (निसं.)। पूरे प्रदेश में हुयी अच्छी बारिश के चलते एक दशक बाद खारी नदी में तेज वेग साथआए जल प्रवाह को देखने के लिए जन सैलाब उमड़ पडा। शुक्रवार रात्रि को खारी नदी में लंबे समय के अंतराल के बाद आए जल प्रवाह पर शहर के लोगों ने खुशी जताई।

शनिवार प्रात काल से ही सैकड़ो की संख्या में शहर की मातृशक्ति मंगल गीत गाते ढोल ढमाकों गाजे बाजे के साथ खारी नदी तट पहुंची। खारी नदी के जल के प्रवाह में लोगो ने चुनरी ओढाकर नारियल प्रवाह कर सुख समृद्धि की। प्रशासन द्वारा खारी नदी तट पर नागरिकों की सुरक्षा के लिए बैरिकेट्स लगाते हुए पुलिसकर्मी तैनात किए।

शनिवार सुबह से शाम तक जन सैलाब खारी नदी में आए जल के प्रवाह को देखने और अपने परिवार के साथ पहुँचे महिलाओं युवा एवं बच्चों में सेल्फी लेने की होड मची रही। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड अपने समर्थकों के साथ खारी नदी पर पहुंचे। पंडितभरत शर्मा ने विधि विधान के साथ मंत्र उच्चारण करते हुए जीवनदायिनी मां गंगा एवं खारी नदीके जल की पूजा अर्चना करते हुए सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

# 68वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

## कुश्ती प्रतियोगिता में सभी वर्गों में कुल 166 खिलाड़ियों ने भाग लिया

■ **68वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलिया की मेजबानी में आरंभ हुआ। उद्घाटन समारोह संस्था प्रधान सुभाष गंगवाल की अध्यक्षता व गांव के बड़े बुजुर्गों के आतिथ्य में मां सरस्वती के दीपदान व माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ**

**शाहपुरा,** (निसं)। 68वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बलिया की मेजबानी में आरंभ हुआ। उद्घाटन समारोह संस्था प्रधान सुभाष गंगवाल की अध्यक्षता व गांव के बड़े बुजुर्गों के आतिथ्य में मां सरस्वती के दीपदान व माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता में सभी वर्गों में कुल 166 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष महावीर कुमावत ने प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा की और समिति के सचिव रामलाल जाट ने सभी आगंतुकों का स्वागत अभिनंदन किया। उसके उपरांत मुख्य रेफरी डॉक्टर नारायण गाड़री द्वारा खिलाड़ियों को शपथ दिलवाई गई। स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक घनश्याम खटीक ने बताया कि आज के मैचों में फ्रीस्टाइल 19 वर्ष छात्र वर्ग 57 किलोग्राम में अरविंद सेन मिंडोलिया ने निखिल खटीक जहाजपुर को 17 वर्ष 45 किलोग्राम छात्र वर्ग में कन्हैयालाल लोहार मिंडोलिया ने दिलखुश बलाई मॉडल स्कूल बनेड़ा को 48 किलोग्राम छात्र वर्ग में विकास जाट बीलिया ने जय सैनी बनेड़ा को 51 किलोग्राम में विनोद गुर्जर बीलिया ने शेर सिंह गुर्जर जहाजपुर को 55 किलोग्राम में जालम दरोगा गिरिडीया ने गोपाल शर्मा बीलिया को आयुष माली मॉडल स्कूल बनेड़ा ने सोनू जाट मिंडोलिया को 60 किलोग्राम में सुशील कुमावत बीलिया ने सांवरिया सुथार गिरिडीया को 51 किलोग्राम में हनुमान शर्मा बनेड़ा ने बादल मीना जहाजपुर को हराया। छात्रा वर्ग में 17 वर्ष फ्री स्टाइल में 40 किलोग्राम में मुस्कान बिश्नोई कोटडी ने मनसा कुमारी बीलिया को 49 किलोग्राम में अंजलि जाट मिंडोलिया ने अनु गुर्जर बीलिया को हराया 19 वर्ष छात्र वर्ग ग्रीको रोमन में 55 किलोग्राम में सोनू माली बनेडा ने राहुल कुमावत बीलिया को 19 किलोग्राम ग्रीको रोमन 45 किलोग्राम में लखन वैष्णव बीलिया ने देवराज बलाई भरणी कला को 51 किलोग्राम में शिवराज जाट मिंडोलिया ने रणजीत जाट बीलिया को हराया। भोजन व्यवस्था परमेश्वर कुमावत और मंसाराम जाट की ओर से की गई।

## अंदरकोट में बैठक आज

**अजमेर,** (कासं)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के संचालन के लिए स्वयंसेवक अपनी सेवाएं देंगे। इसके लिए युवा अपने क्षेत्र के ग्रुपों में अपना नाम दर्ज कर रहे हैं। जुलूस को लेकर कुंदन नगर, चिल्ला मदार साहब, गुलाब बड़ी आदि क्षेत्रों की बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी ने जुलूस में व्यवस्था को लेकर सेवाएं देने का संकल्प लिया। समाज के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में अकीदतमंद जुलुस में शामिल होने के लिए दरगाह व अंदरकोट पहुंचेंगे।

बैठक में सूफी इंटरनेशनल के सचिव नवाब हिदायतउल्ला, मस्जिद के इमाम साहब सलाम भाई, शरीफ खान समद, असलम खंडेला अनीस खान, पूर्व पार्षद मोहम्मद शाकिर खान, हारून ग़ालिब, ग़ज़िब शाहिद, असद आमिर ,रज़ा इरशाद वाहिद, ज़ैद रुहान फहीम, सैयद सलीम बन्ना चिश्ती,अब्दुल सलाम, हाजी रईस कुरैशी, अहसान मिर्जा,जाहिद खान, एसएम अकबर, अब्दुल नईम खान, सलमान खान, मौहम्मद इक़बाल, मौहम्मद फरहान, और कई खुसूसी लोग शामिल हुए।

ईद मिलादुन्नबी को लेकर पंचायत अंदरकोट की ओर से बैठक सोमवार को आयोजित की जाएगी पंचायत के अध्यक्ष शामिर खान ने बताया कि रात्रि 9 बजे हताई पर बैठक होगी।

# 'स्मार्ट सिटी के नाम पर हुई अनियमितता को भुगत रहा है अजमेर'

## डिप्टी मेयर जैन ने कहा अजमेर के अधिकारी दिसंबर 2023 से जांच दबाकर शहर की तबाही का तमाशा देख रहे हैं

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर कहने को तो स्मार्ट सिटी है लेकिन पिछले 4-5 दिन की बारिश ने स्मार्ट सिटी की पोल खोलकर रख दी है, अजमेर नगर निगम नीरज जैन ने अजमेर के ऐतिहासिक आनासागर झील पर बने पाथ-वे और सेवन वंडर के हुए गलत निर्माण और घोटालों को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत की थी जिसमे नीरज जैन ने बताया था कि अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील जो, कि अजमेर का महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है के जिसके चारों ओर पाथवे बनाकर झील का सौंदर्याकरण किया जाना प्रस्तावित था परंतु वर्तमान कांग्रेस की राज्य सरकार द्वारा उक्त पाथवे की डिजाइन में परिवर्तन करके आनासागर झील के व्यास को छोटा किया गया जो कि झील के संरक्षण एवं संवर्धन के विपरीत है एवं माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा वर्णित अब्दुल रहमान ने राज्य सरकार की मंशा के विपरीत हैं इसके भराव क्षमता को कम किया जा रहा है मिट्टी भरकर तथा भू माफियाओं और अवैध निर्माण कर्ताओं को फायदा पहुंचाने के लिए पाथवे का और सेवन वंडर का निर्माण भी झील के भराव क्षेत्र में किया गया हैं, आनासागर का मूल भराव क्षेत्र लगभग 494 एकड़ है जिसमें वेटलैंड 67 एकड़ सम्मिलित है इसे छोटा कर के लगभग आधा कर दिया गया है।

शहर में खेल सुविधाओं के विकास व विस्तार के लिए पटेल स्टेडियम का आधुनिकरण करने की प्रस्तावना थी परंतु संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार द्वारा मिलीभगत करके मूल डिजाइन में परिवर्तन कर घटिया सामग्री का निर्माण किया गया, साथ ही जो निर्माण कार्य आवश्यक नही था तो भी अनावश्यक रूप से उनका निर्माण किया गया तथा एक जगह गड्ढा खोदकर दूसरी जगह भरने के नाम पर दोनों जगह से पैसा उठाया गया इस तरह के गुणवत्ता हिन कार्य करके पटेल स्टेडियम को भ्रष्टाचार की बलिवेदी पर चढ़ाया जा रहा है।

जैन ने बताया कि पीएमओ में शिकायत के बाद पीएमओ ने 31 अगस्त 2023 को मामले की जांच करवाने के आदेश दिए थे उसके बाद स्मार्ट सिटी मिशन भारत सरकार ने 3 नवंबर 2023 को राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को जांच करवाने के आदेश दिए। 14 दिसंबर 2023 को राजस्थान सरकार के ने अजमेर स्मार्ट सिटी के सीईओ को पूरे मामले में आवश्यक कार्यवाही के आदेश कर सूचित करने को कहा था लेकिन आज पूरे 9 महीने तक इस जांच को दबा दिया गया क्योंकि स्मार्ट सिटी की सीईओ का चार्ज तत्कालीन जिला कलैक्टर के पास था। पूरे मामले में लीपापोती की गई ताकि भूमाफियो को लाभ पंहुचाया जा सके।

डिप्टी मेयर नीरज जैन ने यह आरोप लगाया है की यदि जांच सही समय पर की जाती तो स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के नाम पर अधिकारियों द्वारा किए गए घपले घोटाले बाहर आ जाते और आज पूरे शहर में जो पानी भर गया वो पानी नहीं होता, किसी भी कॉलोनी में बरसाती पानी भरने की संभावना भी नही होती।